तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 तेज रफ्तार पिकअप मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटी, चार घायल




## खबर संक्षेप

### समाधान योजना की अवधि 30 सितंबर तक बढ़ी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना की अवधि 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) कार्यालय द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार योजना की अवधि जो पूर्व में 30 जून तक निर्धारित थी, अब 30 सितंबर तक कर दी गई है। कोरोना काल के दौरान आर्थिक कठिनाइयों के कारण बड़ी संख्या में घरेलू, बीपीएल एवं कृषि उपभोक्ता समय पर बिजली बिल जमा नहीं कर सके थे। ऐसे उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना प्रारंभ की।

### ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत भलपहरी के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर राजस्व अधिकारी तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसमें वर्षों से बना कच्ची सड़क को रामाधार सतनामी द्वारा अपने बाहु बल से कब्जा कर लिया है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने किया है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत भलपहरी मोहल्ला शिवपुरी की रहने वालों का है। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक से मिलकर रोड के लिए आवेदन दिए है और उनके अनुमति से जहां कीचड़ होता है वहां पर हम लोगों ने मुरूम गिराए हैं। उसे बिना बताए रामाधार सतनामी पिता स्व. साधुराम ग्राम पंचायत भलपहरी के द्वारा कांटा छिडक रखा है। उस रास्ता को खुलवाने तहसीलदार के नाम पत्र लिखा है।

### चेकपोस्ट बालको मार्ग, कुचैना अंडरब्रिज में बहता रहा पानी

# झमाझम बारिश से सड़कें जलमग्न, आवागमन में परेशानी




चेकपोस्ट बालको मार्ग में हुआ जलभराव।

### पानी निकासी की लंबे समय से नहीं हुई कोई व्यवस्था



रविशंकर नगर दादर नाला के उपर से बहता पानी।



कुचेना अंडरब्रिज मार्ग जहां हर बारिश में भरता है पानी।

### रविशंकर नगर दादर मार्ग हुआ जलमग्न

घंटाघर से रविशंकर नगर होते हुए दादर और नकटीखार तक सड़क का निर्माण कराया गया था लेकिन पहली ही बारिश ने इस सड़क निर्माण की गुणवत्ता और तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है। वर्तमान स्थिति यह है कि सड़क जगह-जगह जलभराव, कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इससे रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण सड़क पर कई स्थानों पर पानी भर गया है, जिससे गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक जोखिम में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बीते कुछ दिनों में कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। वाहन चालक अचानक गड्ढों में गिर रहे हैं, जिससे उन्हें चोटें भी आ रही हैं। शाम और रात के समय स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि पानी से भरे गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आषाढ़ महीने की पहली झमाझम बारिश का असर शहर के प्रमुख मार्गों में दिखाई पड़ा। जो जलमग्न होने के कारण जिससे आवागमन कुछ देर के लिए बंद जैसा हो गया। दुपहिया व तिपहिया वाहन ऐसे जल भराव वाले मार्गों से नहीं गुजर पा रहे थे। इनमें बालको चेकपोस्ट मार्ग, गायत्री मंदिर रोड, कुचैना रेलवे अंडरब्रिज मार्ग प्रमुख रूप से शामिल है।

बारिश के पूर्व मुख्य मार्गों में होने वाले जलभराव से निपटने के लिए हमेशा की तरह पानी निकासी के प्रबंध के लिए लगातार कार्य किए जाते हैं। उसके बावजूद ज्यादा आवागमन के दबाव वाले प्रमुख मार्गों में बारिश का पानी भर जाता है। नाली का निर्माण नहीं होने के खामियाजा मार्ग से गुजरने वालों के साथ वहां निवासरत आम लोगों को भी भुगतना पड़ता है। इनमें व्यवसायी भी शामिल हैं। जिनके दुकानों तक पानी पहुंच जाता है। पानी निकासी हेतु समुचित प्रबंध नहीं होने के कारण जल भराव की स्थिति हर बारिश में होती है। इनमें सबसे ज्यादा कुचैना रेलवे अंडरब्रिज मार्ग प्रभावित है। जहां जल भराव के कारण पूरा मार्ग नाले का रूप ले लेता है। अंडरब्रिज निर्माण के दौरान पानी निकासी की तकनीकी चूक का खामियाजा एक बड़ी आबादी को भुगतना पड़ रहा है। अंडरब्रिड निर्माण के समय पानी निकासी जैसी ⏭ शेष पेज 2 पर

### व्यवसायी और निवासी भी हो रहे परेशान

बालको से गायत्री मंदिर होते हुए चेकपोस्ट तक आने वाली सड़क में भी जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। नाली निर्माण का काम नहीं होने का खामियाजा व्यवसायियों को और वहां के निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के द्वारा कई बार नगर निगम प्रशासन से भी पानी निकासी के प्रबंध किए जाने की मांग की गई है। निगम द्वारा बनाए अंबिका मंदिर के पहले बनाए गए काम्प्लेक्स के सामने पिछले लंबे समय से जलभराव हो रहा है।

### पहली बारिश भी नहीं झेल सकी नाली



विकासखंड कटघोरा अंतर्गत सिचाई कॉलोनी दर्री के आवासीय में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित नाली पहली ही बारिश में ध्वस्त हो गई। नाली के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीरें निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। मामला सिंचाई कॉलोनी दर्री का है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान कई बार अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया गया था, लेकिन उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार जब भी निर्माण कार्य में सुधार या गुणवत्ता संबंधी सुझाव दिए जाते थे, तब जिम्मेदार लोगों द्वारा यह कहकर टाल दिया जाता था कि मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। अब पहली ही बारिश में नाली के क्षतिग्रस्त कॉलोनी का सभी जगह पर भी पाया गया है होने से वार्ड के लोग की आशंकाएं सही साबित होती दिखाई दे रही हैं। सूचना पटल के अभाव में निर्माण लागत, स्वीकृति तिथि और कार्यदायी संस्था जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी सार्वजनिक नहीं है। वार्डवासी में भारी नाराजगी है। गुणवत्ता की अनदेखी लगातार सामने आ रही है।




## खबर संक्षेप



### सिस्टा कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

**कोरबा।** कोलइंडिया एससी, एसटी अप्लाइज एसोसिएशन सिस्टा कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा एससी एसटी कर्मचारियों का सम्मान समारोह सिस्टा कार्यालय आदर्श नगर कुसमुंडा में रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर पी खंडे थे। सेवानिवृत कर्मचारी चंद्र कुमार आदिले, कार्यालय अधीक्षक शत्रुघ्न प्रसाद, अजय फोरमेन ईनचार्ज पीएल आजाद सीनियर मैकेनिक उज्जवल सिंह सिनियर मैकेनिक जिनका स्वागत भाषण सिस्टा कुसमुंडा क्षेत्र के महासचिव केपी पाटले द्वारा किया गया। स्वागत पश्चात आरपी पांडे के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष श्री डैनी, सुखदेव राम, जोहले सतनामी समाज के अध्यक्ष राजेंद्र लहरे, परमेश्वर मिरी, कौशल जांगड़े, विश्राम, कमल राम, सनत कुमार भारद्वाज सहित अन्य उपस्थित थे।

### एनकेएच में डॉक्टर्स-डे का किया गया आयोजन



**कोरबा।** विश्व चिकित्सक दिवस के अवसर पर न्यू कोरबा हॉस्पिटल में डॉक्टर्स-डे मनाया गया। कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने केक काटकर इस विशेष दिवस का उत्सव मनाया और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का संकल्प लिया। एनकेएच ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने कहा कि मरीजों के बेहतर उपचार में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की टीम भावना और समर्पण से ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं संभव हो पाती हैं। वहीं एडीसी डायरेक्टर डॉ. वंदना चंदानी ने कहा कि डॉक्टर्स-डे चिकित्सकों के योगदान को सम्मान देने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अपनी सेवा, ज्ञान और अनुभव से लोगों को नया जीवन देने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा संवेदनशील और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### परिवहन सुविधाओं के लिए तरस रहा दीपका : अरुणीश



**कोरबा।** दीपका और इसके आसपास के ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक परिवहन की लचर व्यवस्था को लेकर नगर पालिका परिषद दीपका के वरिष्ठ पार्षद एवं पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी ने मुखर रूप से आवाज उठाई है। क्षेत्र की जनता को आवागमन में हो रही भारी परेशानियों को देखते हुए उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर दीपका से चार प्रमुख मार्गों पर तत्काल सिटी बस सेवा शुरू करने की मांग की है। वरिष्ठ पार्षद श्री तिवारी ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि दीपका एक प्रमुख औद्योगिक और सघन आबादी वाला क्षेत्र है। इसके बावजूद जनसुविधा के नाम पर यह क्षेत्र वर्तमान में पूरी तरह से लाचार और उपेक्षित है। यहाँ से जिला मुख्यालय या अन्य ब्लॉकों तक जाने के लिए कोई भी उचित सार्वजनिक वाहन व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इसका सीधा खामियाजा प्रतिदिन सफर करने वाले छात्र-छात्राओं, मजदूरों, मरीजों और आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है, जिन्हें मजबूरी में निजी वाहनों का मनमाना किराया चुकाना पड़ता है। जनहित की इस ज्वलंत समस्या के स्थायी समाधान हेतु अरुणीश तिवारी ने प्रशासन से मांग की है कि आम जनता को सुरक्षित और सस्ती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निम्नलिखित मार्गों पर अविलंब सिटी बस का संचालन आरंभ किए जाने की मांग की है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### झमाझम बारिश...

महत्वपूर्ण कार्य निर्माण एजेंसियों के द्वारा नहीं किया गया। मार्ग में जल भराव के कारण बड़ी मुश्किल से चार पहिया वाहन ही गुजर पाते हैं। दो पहिया व तीनपहिया वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। ऐसी ही जल भराव की स्थिति का सामना चेकपोस्ट बालको मार्ग से गुजरने वाले लोगों को करना पड़ता है। यहां भी बारिश के मौसम में जल भराव होता है। सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए नाली निर्माण नहीं किए जाने से जलभराव से ही बालको कर्मचारियों और यात्री वाहनों को गुजरना पड़ता है।

कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधिया का मामला, अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

# दीवार में सेंध लगाकर दो दर्जन बकरियां ले भागे चोर, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से बकरा, बकरी की चोरी की घटना सामने आती है खासतौर पर कटघोरा पसान बांगो क्षेत्र में सबसे ज्यादा घटनाएं होती है। नया मामला सिंधिया में सामने आया है। जहां अज्ञात चोरों ने एक घर में सेंध लगाई और वहां रखे दो दर्जन बकरा बकरी की चोरी कर फरार हो गए हैं। जब सुबह घर मालिक की नींद खुली तो घर में सेंध लगा देख और बकरा बकरी नहीं होने पर उसके होश उड़ गए। जिसके बाद उसने मामले की शिकायत थाना में की। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र ग्राम सिंघिया निवासी रामायण यादव के घर को चोरों ने निशाना बनाया। रोज की तरह शनिवार की रात भी रामायण यादव और उनका परिवार घर के भीतर सो रहा था। इसी दौरान चोरों ने घर के पिछले हिस्से की दीवार में सेंध लगाई और घर के भीतर घुसकर कमरे में बंधे लगभग दो दर्जन बकरा बकरी को वहां से पार कर दिया। सुबह जब परिवार के सदस्य बाड़े में पहुंचे तो वहां अपने बकरा बकरियों को नहीं पाया जिससे उनके होश उड़ गए और जब घर के दीवार को देखा तो चोरों ने सेंध लगा दिया था। इस चोरी की घटना से परिवार को लाखों का नुकसान हुआ है। जिले में बकरा बकरी चोरी का यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। चोर अक्सर लक्जरी गाड़ी में पहुंचते हैं और रात के अंधेरे में चोरी की घटना को अंजाम देकर रातों रात दूसरे जिला पहुंच जाते हैं। कटघोरा थाना प्रभारी मोतीलाल पटेल ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।



वह स्थल जहां सेंधमारी गई।



### पहली ही बारिश में बह गई करोड़ों की पुलिया, गुणवत्ता पर उठे सवाल

**कोरबा।** करतला विकासखड की ग्राम पंचायत भैसामुड़ा स्थित जोगीनाला में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पुलिया पहली ही बारिश का दबाव नहीं झेल सकी और क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता और संबंधित विभाग की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण के दौरान कई बार घटिया निर्माण सामग्री और गुणवत्ता संबंधी शिकायतें अधिकारियों तक पहुंचाई गई थीं, लेकिन किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। उनका कहना है कि हर बार शिकायतों को यह कहकर टाल दिया गया कि मामला उनके अधिकार क्षेत्र का नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि निर्माण स्थल पर कार्य से संबंधित कोई सूचना पटल भी नहीं लगाया गया है। इससे यह पता नहीं चल पा रहा कि पुलिया का निर्माण किस विभाग, एजेंसी या ठेकेदार ने कराया है, निर्माण की लागत कितनी थी और कार्य कब स्वीकृत हुआ था।

# ओरिएंटल कालेज में छात्रों की गूंज कार्यक्रम का किया गया प्रसारण



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं युवा कांग्रेस ने संयुक्त रूप से कांग्रेस अजा. प्रकोष्ठ के साथ मिलकर मानिकपुर में संचालित ओरिएंटल कॉलेज में नीट पेपर लीक मामले को लेकर तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कार्यक्रम छात्रों की गुंज अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर प्रोजेक्टर लगाकर छात्रों की गुंज कार्यक्रम का प्रसारण कराया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अपने कार्यों के कारण केंद्र सरकार पूरी तरह बेनकाब हो गई है। 12 वर्षों के कुशासन और गलत नीतियों ने देश की शिक्षा प्रणाली की नींव को खोखला कर दिया है। श्री राठौर ने कहा कि भारत में एजुकेशन सिस्टम में दो कमी है पहला एजुकेशन का और दूसरा सिस्टम का। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज ने कहा कि पेपरों के लीक की घटनाओं ने पेपर लीक माफिया के साथ बीजेपी की सांठ-गांठ को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। पेपर लीक की घटनाओं से करोड़ों छात्र-छात्राएं और अनेक परिजन परेशान हुए। नीट पेपर लीक से अब तक 18 छात्रों की आत्महत्या, लचर शिक्षा व्यवस्था को दर्शाता है। कांग्रेस अजा. प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने बताया कि 2024 से अब तक नीट, युजी, युजीसी-नेट, सीएसआईआर-नेट, पीजी सीयूईटी, जी मेन, बीपीएससी, बीएसएसएसबी, युपीएससी से जुड़ी परीक्षाएं या तो लीक हुआ या परीक्षाएं रद्द हुआ, प्रश्न पत्र त्रुटियाँ, परिणाम में देरी, धांधली, सिस्टम में गड़बड़ियां और परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठे लेकिन देश के प्रधान मंत्री और शिक्षा मंत्री के कान में जूं तक नहीं रेग रही। इस कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित ओरिएंटल कालेज के प्रोफेसर, शिक्षकगण और छात्राएं उपस्थित रहे।

# सहकारी बैंकों में भी दी जाएगी नेट बैंकिंग की सुविधा : रजनीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह ने आज यहां कहा कि जिला सहकारी बैंकों में नेट बैंकिंग की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए शासन स्तर पर काम चल रहा है। नई ब्रांच खोलने के लिए आरबीआई के मापदंडों का पालन कर प्रयास किया जा रहा है कि जहां सहकारी बैंकों के नए ब्रांच की जरूरत है वहां नई शाखाएं खोली जाएं। बैंक के द्वारा 900 करोड़ का केसीसी लोन वितरित किया गया है।

सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह रविवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के तहत कोरबा पहुंचे हुए थे। जहां वह तिलक भवन प्रेस क्लब में सहकारिता सप्ताह के संबंध में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि आज से पांच वर्ष पूर्व 2021 में सहकारिता विभाग का गठन केन्द्र सरकार ने किया है। ताकि सहकारिता आंदोलन को मजबूत किया जा सके। इसी तारतम्य में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिला सहकारी बैंक की 58 शाखाओं को अपडेट किया जा रहा है। आने वाले दिनों में नेटबैंकिंग की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा नई ब्रांच खोलने का भी काम चल रहा है। रजनीश सिंह ने आगे कहा कि किसानों को भुगतान के लिए भटकना न पड़े इसलिए एटीएम की सुविधा दी जाएगी। कुछ ब्रांचों में यह सुविधा शुरू भी हो गई है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि खाद वितरण की व्यवस्था भी दुरुस्त की गई है। सभी समितियों में 80 प्रतिशत खाद का भंडारण किया गया है। 61 प्रतिशत खाद उठ चुकी है और 19 प्रतिशत खाद अभी भी उपलब्ध है।

**खास बात**

- जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के अध्यक्ष ने दी जानकारी





पत्रकारों से चर्चा करते अध्यक्ष वअन्य।

# जब मिले पुराने छात्र तो याद आ गए स्कूल के दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल से निकलने के बाद अपना पारिवारिक जीवन जीने वाले छात्र वर्षों बाद जब अपने पुराने साथियों के साथ उसी स्कूल में मिलते हैं जहां उन्होंने अपना छात्र जीवन गुजारा था तब उनको वो दिन याद आते हैं जब एक साथ हंसते खेलते स्कूल की कक्षाओं से लेकर खेल के मैदान में गुजरे थे। ऐसे ही क्षण को याद करने के लिए स्कूली छात्र अपने स्कूल में दोबारा लौट कर पुरानी यादों को ताजा करते हैं।

सरस्वती शिशु मंदिर गेवरा प्रोजेक्ट के वर्ष 2010 बेच के छात्रों का रि-यूनियन कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। 15 वर्ष पूर्व स्कूल छोड़ चुके इन छात्रों का समूह एक साथ मिलकर सबसे पहले अपने स्कूल पहुंचा। इस दौरान स्कूल के शिक्षक भी मौजूद रहे जिनके सानिध्य में इन छात्रों ने 15 वर्ष पूर्व अपना छात्र जीवन बिताया था। छात्रों के समूह ने सबसे पहले अपने अपने कक्षा को देखा जहां उन्होंने अपने साथियों के साथ बैठकर खट्टे मीठे अनुभव के साथ पढ़ाई किया करते थे। एक एक कक्षा का भ्रमण करने के बाद छात्रों का समूह स्कूल के खेल मैदान पहुंचा। जहां वे फुटबाल क्रिकेट एवं एथलेटिक्स में भाग लेते थे। एक लंबा समय स्कूल में समय बिताने के बाद इन छात्रों का शमा जश्न रिसार्ट पहुंचा जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। उक्त कार्यक्रम में छात्रों ने आज के अपने अनुभव को साथियों के साथ बयां किया। 15 वर्ष पूर्व कभी स्कूल के छात्र रहे आज कोई इंजीनियर, कोई डॉक्टर तो कोई आर्मी तो किसी अन्य व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। सबने अपने अपने स्कूली जीवन को याद करते हुए आज के पारिवारिक जीवन और कार्य स्थल के अनुभव को भी अपने साथियों के साथ बांटा। कार्यक्रम में पूजा जायसवाल, मेघा रंजन साहू, खुशबू तिवारी, आमोद पटेल, हेमपुष्पा साहू, अमित राठौर, दुर्गेश जायसवाल, सुजीत चौकसे, वर्षा साहू, भारती राठौर, दुर्गेश छतरियां, जितेश, पुष्पलता सोनी, चांदनी शुक्ला, विनीता, दुर्गेश चंद्र, राकेश, हरमीत, शिखा सोनी, शिल्पी सिंह, ज्योति रानी, चंदन वर्मा, अनुराधा पटेल, पूजा राठौर, राजीव विजेंद्र, उत्कर्ष ललित, नवीन कुंडल, श्वेता, रवि शंकर पटेल, विक्रम सिंह राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम को विक्रम सिंह राजपूत ने ऑर्गेनाइज किया एवं उनके साथ मेघा पूजा जायसवाल, अमित राठौर, दुर्गेश छतरी, विजेंद्र, दुर्गेश चंद्र, जितेश का योगदान रहा।

**खास बात**

- सरस्वती शिशु मंदिर गेवरा प्रोजेक्ट के छात्रों का हुआ सम्मेलन



रीयूनयन के छात्र।

# पं. मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में पुस्तक दान एवं पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुकुटधर साहित्य समिति द्वारा पं. मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भवन में विराजमान मां शारदे की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को मुकुटधर साहित्य समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सादर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में जनपदीय वरिष्ठ नागरिक संघ के संस्थापक, साहित्य प्रेमी एवं समाजसेवी के. वाय. आर. नायडू उपस्थित थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती रमा नायडू मंच पर आसीन रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार यूनुस दानियालपुरी ने की। मंच पर अतिथियों के साथ समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सलाहकार श्रीमती दीप दुर्गवी, जनपदीय वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष जी. डी. महंत व संस्थापक सदस्य धर्मेन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री नायडू एवं उनकी टीम के द्वारा 235 पुस्तकों का दान साहित्य भवन के पुस्तकालय में रखने हेतु किया गया। इसी कड़ी में वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार श्री गेंदलाल शुक्ल की ओर से भी साहित्य भवन के पुस्तकालय हेतु 50 से भी अधिक साहित्यिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक पुस्तकें दान स्वरूप भेंट की गईं। इससे साहित्य भवन का पुस्तकालय समृद्ध हुआ है। प्रथम सत्र का सफल संचालन समिति के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चन्द्रा ने किया। इसके बाद दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित रचनाकारों द्वारा पावस ऋतु के पावन अवसर पर अपनी मनमोहक रचनाओं का पाठ किया गया। इस दूसरे सत्र का संचालन मनीष मुसाफिर एवं धरम साहू ने मिलकर किया।



### झेरिया धोबी बरेठ समाज के बालको इकाई ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी बरेठ समाज संभाग बिलासपुर कोरबा परिक्षेत्र बालको इकाई द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संतगाडगे बाबा की पूजा अर्चना की उसके बाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। झेरिया धोबी बरेठ समाज संभाग बिलासपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष जानाराम कर्ष, संभागीय उपाध्यक्ष गिरधारी बरेठ, सैनिक सुरेश बरेठ के माता रिटायर नियम साय एलटीसी कर्मचारी को सम्मान किया गया और चांपा के मीटिंग में सामाजिक नियम का प्रारूप वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से नोधेन बरेठ अध्यक्ष कोरबा परिक्षेत्र, संतोष बरेठ, सचिव संतोष कर्ष, मिलाप राम बरेठ, सदानंद बरेठ, रामकुमार पाटस्कर आदि उपस्थित थे।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

# गायत्री परिवार युवा संगठन की नशा मुक्ति व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन दिया कोरबा द्वारा आदर्श बाल निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालको एवं शिक्षा निकेतन हाई स्कूल, बालको में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण हेतु नशा मुक्ति विषय पर विशेष प्रेरणादायी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवा संगठन दिया जिला संयोजक कोरबा विजेंद्र यादव ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। यदि युवा संस्कारवान, नशामुक्त और चरित्रवान बनेंगे, तो परिवार, समाज और राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होगा। मुख्य वक्ता कन्हैया चौहान ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के प्रेरक विचारों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास, अनुशासन, समय का सदुपयोग, सकारात्मक सोच एवं निरंतर परिश्रम को जीवन की सफलता का मूल मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा के भीतर असीम शक्ति निहित है, आवश्यकता केवल उसे पहचानने और सही दिशा में लगाने की । दिया नारी जागरण प्रांत प्रमुख सुश्री सविता साहू ने विद्यार्थियों को समय नियोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जो विद्यार्थी अपने समय का सही प्रबंधन करते हैं, वही जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होल्कर, माता जीजाबाई एवं कल्पना चावला जैसी महान नारियों के प्रेरणादायी जीवन प्रसंगों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आत्मसम्मान, साहस, संस्कार और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745


हम सबके मार्गदर्शक बड़े भईया
छ.ग.राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं मुंगेली भाजपा जिला प्रभारी
श्री ज्योतिनंद दुबे जी
06 जुलाई 2026
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुर्यप्रकाश शर्मा
राजू प्रजापति
धरम तिवारी
गुलशन ध्रुव
मनोज दुबे
मुकेश जायसवाल
आनंद चौकसे
राजेन्द्र साहू
राजलाल श्रोते
संतोष राजवाड़े
जय प्रकाश
सुजीत सिंह
सत्यम यादव
नितेश यादव
विनीत : भारतीय जनता पार्टी मण्डल दीपका

## खबर संक्षेप



### सद्गुरु कबीर प्रकट दिवस, चौका आरती और भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**कोरबा।** कबीरपंथियों के आस्था के प्रमुख केंद्र सद्गुरु कबीर साहब का प्रकट उत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर धूमधाम एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इसी दिन सद्गुरु कबीर साहब काशी के लहरतारा तालाब में बाल स्वरूप में कमल पुष्प पर एक दिव्य प्रकाश पुंज के रूप में अवतरित हुए थे। करतला में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम गुरु महिमा पाठ के साथ की गई। इसके पश्चात कबीर पंथ की सनातन परंपरा के अनुसार सात्विक यज्ञ एवं आनंदी चौका आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय और श्रद्धालुओं के बीच खीर-पूरी का प्रसाद मुख्य रूप से वितरित किया गया। इस दौरन आमीन माता महिला मंडल तथा करतला नवपाली के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान योगेश दास, महंत मंगल दास, लक्ष्मीशंकर, हरनारायण गुप्ता, गोविंद दास, कार्तिक दास, सहाल दास, प्रहलाद दास एवं मंजू मानिकपुरी उपस्थित रहे।

### दुकान में लगी आग, नहीं हुई जनहानि




**कोरबा।** शहर के मध्य मुख्य मार्ग में संचालित बंटी स्टोर्स के किनारे हिस्से में रविवार की शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही दुकान के किनारे शंकर होजियरी के बगल से तेज धुआं और आग लपटें उठने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। बंटी स्टोर के संचालक, अप्सरा इलेक्ट्रॉनिक के संचालक व आसपास के लोगों ने सूझबूझ दिखाई और अग्निशमन यंत्र के जरिए आग को बढ़ने से रोका। अंततः आग पर काबू पाया गया जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट-सर्किट की आशंका जताई जा रही है जांच के बाद ही मामला स्पष्ट होगा।

### सड़क पर गिरा सुखा पेड़ की टहनी, घंटों बाद विद्युत व्यवस्था हो सकी बहाल



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार मुख्य मार्ग कृष्णा प्लाईवुड के समीप सराई का पेड़ जो बहुत पुराना होने के साथ साथ पूरी तरह से सुख चुकी है। स्थानीय ग्राम पंचायत, वन विभाग व विद्युत विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। शनिवार रात लगभग 11 बजे हल्की बारिश होने से सूखे पेड़ की डगाल टूट टूटकर विद्युत केबल पर गिरते हुए सड़क पर गिरा। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि इस दौरान कोई राहगिर या ग्रामीण वहां नहीं था अन्यथा किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। इस अलावा सड़क से गुजरते बाईक सवार, चार पहिया वाहन और यात्री बसें यदि इसकी जद में आती तो भी एक बड़ी घटना हो सकती थी। हरदीबाजार क्षेत्र में शनिवार की रात अंधेरे में डूबा रहा। विद्युत विभाग की टीम मनीष राठौर के द्वारा सड़क बहाल व विद्युत आपूर्ति की गई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। यदि संबंधित विभाग उक्त पेड़ को नहीं काटता है तो एक बड़ी घटना कभी भी हो सकती है।

### पुलिस ने 6 स्थायी वारंटी एवं 33 गिरफ्तारी वारंटी को न्यायालय में किया गया पेश

कोरबा जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसी कड़ी क्रम में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। 5 जुलाई पुलिस द्वारा सघन दबिश देकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 6 स्थायी वारंटी एवं 33 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए। इस प्रकार कुल 39 वारंटियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी वारंटों के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे।

# मानसून की पहली फुहार के साथ कोरबा के जंगल में फेंका जाने लगा सीड बॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हरियाली की चादर ओढ़ने के लिए वन विभाग ने एक बेहतरीन और अनूठी पहल शुरू की है। मानसून की बारिश शुरू होते ही कोरबा वन मंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में सीड बॉल पद्धति से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान का आगाज कर दिया गया है। पारम्परिक गड्ढे खोदकर पौधे लगाने के बजाय, इस आधुनिक और आसान तकनीक से इस साल जंगलों में 1 लाख से अधिक सीड बॉल फेंकने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश और मार्गदर्शन में इस अभियान को गति दी जा रही है। धरातल पर इसे सफल बनाने के लिए एसडीओ एसके सोनी और आरएस राठिया ने पूरी मुस्तैदी से जुटे हुए हैं। ये

### बालको रेंज में वन प्रबंधन समिति व स्कूली बच्चों ने रोपण में लिया हिस्सा

**खास बातें**

- एक लाख से अधिक सीड बाल फेंके जाएंगे वन क्षेत्र में
- खासतौर पर पहाड़ी इलाकों को किया गया है चिन्हांकित



अधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में लगातार मॉनिटरिंग कर सीड बॉल रोपण करवा रहे हैं, ताकि आने वाले समय में इसके शत-प्रतिशत परिणाम मिल सकें। इस हरित अभियान में बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार को उनकी टीम ने इस अभियान का आगाज रविवार से कर दिया है। बालको रेंज के विभिन्न जंगलों में स्थानीय वन प्रबंधन समितियों और स्कूली छात्र-छात्राओं को इस अभियान से जोड़ा है। बच्चों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक जंगलों के खाली पड़े हिस्सों और पहाड़ों पर सीड बॉल फेंकने का कार्य किया गया। खेल-खेल में पर्यावरण संरक्षण का यह तरीका बच्चों के लिए भी कौतूहल और सीखने का एक बड़ा जरिया बन गया है। इस साल कोरबा वन मंडल में ही 1 लाख से अधिक सीड बॉल जंगल में फेंका जाएगा।

### छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ (महासंघ) की मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक

# ओपीएस सहित अन्य मांगों पर शासन स्तर पर चर्चा के बाद निराकरण का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ (महासंघ) द्वारा छग राज्य विद्युत कंपनी में कार्यरत बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाली सहित विभिन्न मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। महासंघ के द्वारा चलाए जा रहे आन्दोलन को कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा मिल रहे व्यापक समर्थन को देखते हुए 3 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चर्चा के लिए महासंघ को बुलाया।


सीएम से मुलाकात करते बिजली कर्मचारी के पदाधिकारी।

भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के नेतृत्व में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास जाकर उनसे मुलाकात किया एवं पावर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। मुख्यमंत्री ने महासंघ के पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित सभी ज्वलंत मुद्दों एवं समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शासन स्तर पर चर्चा कराकर अनिवार्य रूप से समाधान करवाने हेतु महासंघ के मांग पत्र को शासन स्तर पर प्रेषित किया है। चर्चा के दौरान श्री जायसवाल ने पॉवर कंपनी में कर्मचारियों की भारी कमी एवं कर्मचारियों पर बढ़ते दबाव के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए नई भर्ती किए जाने की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की, जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही नियमित भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किए जाएंगे, जिसके साथ ही आने वाले समय में पूर्व से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए परस्पर अवसर प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री से चर्चा एवं पूर्ण आश्वासन उपरांत महासंघ के द्वारा निर्णय लिया गया है कि महासंघ के ज्वलंत मांगों पर जब तक सार्थक परिणाम प्राप्त नहीं होता है, तब तक महासंघ द्वारा आंदोलन जारी रहेगा और 10 जुलाई को पॉवर कंपनी मुख्यालय, डंगनिया रायपुर में विशाल आमसभा, आक्रोश प्रदर्शन एवं चेतावनी ज्ञापन दिया जाएगा। जिसके बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर 17 अगस्त से पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल किया जाएगा। महासंघ ने सभी से आह्वान किया है कि सभी वर्ग के कर्मचारियों अधिकारियों के जायज मांगो के लिए महासंघ के इस आंदोलन में अपने एकता का परिचय देते हुए अधिक से अधिक शामिल होवें। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान महासंघ के प्रतिनिधिमंडल में भारतीय मजदूर संघ के अ.भा. मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, अ.भा.विद्युत मजदूर महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रदेश महासंघ के अध्यक्ष संजय तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, महामंत्री नवरतन बरेठ, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, संगठन मंत्री द्वय के.एन. यादव व पीयूष सिन्हा तथा कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे उपस्थित रहे।

**आंदोलन को मिल रहा व्यापक समर्थन : बरेठ**

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ (बीएमएस) के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि महासंघ के द्वारा अपने उपरोक्त मांगो की पूर्ति के लिए कंपनी प्रबंधन को चरणबद्ध आंदोलन का नोटिस दिया गया है, जिसके प्रथम चरण में 1 से 30 जून तक पूरे प्रदेश में जनजागरण व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, तथा दूसरे चरण में 1 से 9 जुलाई तक सभी अलग अलग क्षेत्रीय मुख्यालयों एवं उत्पादन केंद्रों में आमसभा, प्रदर्शन व ज्ञापन देने का कार्यक्रम चल रहा है, जिस पर कर्मचारियों व अधिकारियों से व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस बीच छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री के साथ महासंघ की विस्तृत चर्चा हुई एवं उनके द्वारा पूर्ण रूप से आश्वस्त किया गया।

# हत्या के मामले में मुख्य आरोपी तुषार को पुलिस ने नागपुर से किया गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिन पूर्व दीपका क्षेत्र में रहने वाले एक दर्जन युवक बर्थडे पार्टी मनाने एक रिसार्ट में पहुंचे थे जहां नशे में दो दोस्तों के बीच कहासुनी हो गई थी और वहां से बाहर निकलते ही विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे युवक पर बोलेरो कैंपर वाहन चढ़ा दी थी जिससे उसकी मौके पर भी मौत हो गई थी। हत्या के वारदात के बाद आरोपी कैंपर वाहन लेकर फरार हो गया था। वारदात के बाद पुलिस की टीम तत्काल हरकत में आयी और नागपुर में दबिश देकर आरोपी को पुलिस ने कैंपर वाहन के साथ गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

**खास बातें**

- उरगा थाना क्षेत्र में बर्डडे पार्टी के दौरान हुई थी वारदात
- आरोपी द्वारा प्रयुक्त बोलेरो कैंपर वाहन को किया गया जब्त

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत लगभग एक दर्जन युवक 3 जुलाई को विकास हुड्डा का जन्म दिन मनाने के लिए उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरा रिसार्ट पहुंचे थे। रिसार्ट में किसी बात को लेकर तुषार ढांडा एवं उज्ज्वल कुमार सिंह के बीच विवाद हो गया। चेक-आउट के बाद सभी साथी रिजॉर्ट के बाहर सड़क पर पहुंचे, जहां दोनों के बीच पुनः विवाद होने लगा। इसी दौरान आरोपी तुषार ढांडा अपने बोलेरो कैंपर वाहन में बैठा और वाहन को उज्ज्वल कुमार सिंह के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल उज्ज्वल कुमार सिंह को उसके साथियों द्वारा तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी तुषार ढांडा के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन की जा रही थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने नागपुर में दबिश दी और तुषार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# संगठन को मजबूत बनाने पर रहेगा जोर : नाथूलाल


संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा करते महामंत्री नाथूलाल व बजरंग शाही।

**खास बातें**

- कोरबा हाउस में एचएमएस महामंत्री व अध्यक्ष ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा महामंत्री नाथूलाल पांडेय व अध्यक्ष बजरंग शाही कोरबा प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने एसईसीएल कोरबा हाउस में रविवार को संगठन के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही संगठनात्मक रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

रविवार को कोयला मजदूर सभा पदाधिकारियों के महामंत्री नाथूलाल पांडेय व अध्यक्ष बजरंग शाही ने बैठक ली। बैठक के दौरान श्रमिकों के हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती, मजदूरों की समस्याओं के समाधान तथा भविष्य की संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा श्रमिकों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने पर जोर दिया। बैठक में श्रमिक एकजुटता बनाए रखने और मजदूरों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सामूहिक रूप से कार्य करने का भी आह्वान किया गया। बैठक में गेवरा व दीपका क्षेत्र के अध्यक्ष रेशम लाल यादव, दीपका क्षेत्र महामंत्री तरूण राहा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**बैठक में नहीं हुआ कोई निर्णय**

सूत्रों की मानें तो संगठन से जुड़े कई मुद्दों को श्री पांडेय व श्री शाही के समक्ष पदाधिकारियों ने रखा। जिस पर लंबी चर्चा भी हुई, लेकिन बैठक में किसी मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं हो सका। मुद्दों पर सहमति के मामले में यह बैठक बेनतीजा ही मानी जा रही है।

# तेज रफ्तार पिकअप मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा, चार घायल


घटना स्थल घायल महिलाएं।


पेड़ से टकरा कर पलटी पिकअप वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र में मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर मोड़ पर पलट गई। पिकअप में कुल 11 महिलाएं सवार थीं जिसमें से 4 महिलाओं को चोट आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार होने की वजह से पिकअप वाहन पलटी थी। पुलिस ने दुर्घटनाकारित पिकअप चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम दरगा व उसके आसपास निवास करने वाले कुल 11 महिला मजदूर रविवार की सुबह पिकअप क्रमांक सीजी 12 बीके 2631 में सवार होकर ग्राम दरगा से गोढ़ी स्थित एक कार्बन फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। ग्राम बनखेता के पास मोड़ पर पिकअप के चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन सड़क किनारे पलटकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई। हादसे के होते ही पिकअप में सवार महिलाओं में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने पर रजगामार चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। चार महिला मजदूर गंभीर चोट आई थी जिसमें दरगा निवासी सुनिता, सरिता, केरवा निवासी उर्मिला कंवर, अंजली कंवर को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### बिजली अधिकारियो के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आंदोलन

# मड़वाढोढ़ा में दो दिन से बिजली गुल, नाराज लोगों ने घेरा सब स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मड़वाढोढ़ा में दो दिन से बिजली गुल रहने से लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा की अगुवाई में ग्रामीणों ने बिजली सब स्टेशन का घेराव कर दिया। इस दौरान शहर डीई राजेश चौहान ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था सुधार को लेकर आश्वासत किया। व्यवस्था सुधार के आश्वासन पर आखिरकार ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर दिया।


सब स्टेशन के सामने जुटे ग्रामीण।

ग्राम मड़वाढोढ़ा व पुरेना में लगातार दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप्प होने से ग्रामीणों ने सब स्टेशन का घेराव कर दिया। रात 12 से गुल हुई बिजली दोपहर 2 तक बहाल हुई। बिजली बाधित रहने के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब गांवों में भी बिजली संकट गहराता जा रहा है। लगातार बिजली गुल रहने से पेयजल संकट भी उत्पन्न हो गया है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली आपूर्ति ठप रहने से घरेलू कार्य, विद्यार्थियों की पढ़ाई, कृषि कार्य, छोटे व्यवसाय तथा ऑनलाइन खाद, धान और बीज बिक्री का कार्य भी पिछले दो दिनों से प्रभावित रहा। मोबाइल फोन चार्ज नहीं हो पाने से संचार व्यवस्था पर भी असर पड़ा। ग्रामीणों ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की थी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के बाद जनहित में व्यापक आंदोलन करने के लिए वे बाध्य होंगे। जिसके तहत घेराव किया गया। बांकीमोंगरा एसईसीएल मुख्य चिकित्सालय में लगातार तीन दिनों से अंधेरा छा रहा है। बिजली गुल रहने से मरीज व्याकुल हो रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। लोगों ने बताया कि सब एरिया मैनेजर से पूछने पर उन्होंने हालात से खुद को अंजान बताया। जिसे लेकर चिकित्सा संबंधी कार्य ठप्प हो गई है। मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411